अनौपचारिक शिक्षण केंद्र में आयोजित गणतंत्र दिवस की संक्षिप्त रिपोर्ट

संत गाडगे जलाशय पार्क,रतन खंड,लखनऊ स्थित, भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति द्वारा संचालित व सहायतित,अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र में,26 जनवरी 2023 को 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास पूर्वक मनाया गया। श्री विनोद कुमार शुक्ला,राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना द्वारा झंडारोहण व महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पार्पण के बाद, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए,देश के संविधान की रचना व गणतंत्र दिवस मनाये जाने के संबंध में अवगत कराया गया । उन्होंने विद्यार्थियों को केन्द्र में मन लगाकर व नियमित शिक्षा प्राप्त करने हेतु भी सलाह दी तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को भावना द्वारा अग्रेतर शिक्षा प्राप्त करने में हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर श्री चंद्र भूषण तिवारी,प्रसिद्ध पर्यावरणविद व सदस्य अनौपचारिक शिक्षण केंद्र समिति द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों व उनके परिजनों को साफ-सफाई की आवश्यकता के संबंध में भी अवगत कराया गया तथा यह बताया गया कि साफ सफाई स्वस्थ जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। तदोपरान्त शिक्षण केंद्र के छात्र- छात्राओं द्वारा मनमोहक व प्रशंसनीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु, उन्हें मिल्टन की एक एक पानी की बोतल,राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना के कर कमलों द्वारा पुरस्कार में दी गई व समस्त उपस्थित को मिष्ठान व अन्य खाद्य-सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर समारोह में विद्यार्थियों व उनके परिजनों को मिलाकर लगभग 100 जन उपस्थित थे। अंत में श्री सतपाल सिंह, महासचिव (एड) भावना द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को सफल बनाने में श्री विनोद कुमार शुक्ला,राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना व शिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक द्वय श्री अयोध्या प्रसाद व श्रीमती कामाक्षी का आभार व्यक्त किया गया।

आयोजन के कुछ फोटो भावना की वेबसाइट के गैलरी- फोटो अल्बम सेक्शन में देखे जा सकते हैं।